संख्या-404 /एक-10-2023-33(79)/2015 टी0सी0

प्रेषक,

प्रभु एन0 सिंह,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
अलीगढ़।

राजस्व अनुभाग-10 लखनऊः दिनांकः 31 मार्च, 2023

विषयः- जनपद अलीगढ़ में तैनात आपदा विशेषज्ञ के मानदेय का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-596/दै0आ0सहायक-आपदा विशेषज्ञ-मानदेय-2022-23, दिनांक 15.02.2023 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, अलीगढ़ में नवनियुक्त/तैनात आपदा विशेषज्ञ के दिनांक 06 जनवरी, 2023 से माह फरवरी, 2023 तक का मानदेय, रू0 50,000/-प्रति माह के अनुसार दिये जाने हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुदान संख्या-51 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2245-प्राकृतिक विपत्तियों के कारण राहत-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-07-जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) में प्राविधानित धनराशि के अन्तर्गत रू0 23,333/-(रू0 तेईस हजार तीन सौ तैंतीस मात्र) की धनराशि, निम्न शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन जिलाधिकारी, अलीगढ़ के निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

## नियम व शर्तें/प्रतिबन्धों

(1) जिस मद में धनराशि स्वीकृत की जा रही है, उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा। अन्य किसी भी मद/विभागीय कार्य हेतु धनराशि का व्यय कदापि न किया जाय।

(2) जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण द्वारा उक्त धनराशि के आहरण एवं व्यय के सम्बन्ध में वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 के नियम-209 तथा चैप्टर-1 के संलग्रक-ए में निहित प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) आपदा प्रबन्ध अधिनियम, 2005 में उल्लिखित जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के प्राविधानों के अनुसार धनराशि का आहरण/व्यय किया जायेगा।

(4) व्यय की गई धनराशि का महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जायेगा और महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जायेगा।

(5) उक्त स्वीकृत धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5 भाग-1 के प्रस्तर-359-एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(6) स्वीकृत धनराशियों के उपयोग/समर्पण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-यू0ओ0-2/1-11- 2013-रा0-11, दिनांक 04 मार्च, 2013 का अनुपालन किया जायेगा। शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि में से यदि कोई बचत/अवशेष की स्थिति बनती है तो उसे वित्तीय वर्ष के समापन/दिनांक 31 मार्च, 2023 से पूर्व शासन को नियमानुसार समर्पित कर दिया जाये।



Scanned by CamScanner

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 23,333/-(रू0 तेईस हजार तीन सौ तैंतीस मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखाशीर्षक 22458080007 जिला आपदा प्रवन्ध प्राधिकरण मानक मद 20 सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1- 454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(प्रभु एन0 सिंह)
सचिव।

संख्या-404 (1)/एक-10-2023-33(79)/2015 टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार-(लेखा एवं हकदारी) प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रवन्ध प्राधिकरण, पिकप भवन, गोमती नगर, लखनऊ।
3- आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
4- सम्वन्धित, मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
5- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी, बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
6- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त, उ0प्र0 को उनके पत्र संख्या-4036/ रा0आ0का0/पी0डी0ई0/2022-23, दिनांक 22 मार्च, 2023 के संदर्भ में इस आशय से प्रेषित कि शासनादेश दिनांक 19.03.2023 द्वारा अधिग्रहीत की गयी धनराशि रू0 9.00 लाख में से अवशेष धनराशि रू0 70,000/- की धनराशि जिलाधिकारी, अलीगढ़ को चालू वित्तीय वर्ष 20222023 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखाशीर्षक 22458080007 जिला आपदा प्रवन्ध प्राधिकरण मानक मद 20 सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)मद में आपदा विशेषज्ञ के मानदेय हेतु आवंटित करने का कष्ट करें ।
7- सम्वन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उ0प्र0।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
9- गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(हरि प्रसाद सिंह)
अनु सचिव।

DDMA G.O./173

Scanned by CamScanner

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2022-2023**
**आवंटन दिनांक-31/03/2023**

**प्रेषण संख्या:-** 404
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-404
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2022-2023 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 2245 - प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत(आयोजनेत्तर-मतदेय)
80 - सामान्य
800 - अन्य व्यय
07 - जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 20-सहायता अनुदान - सामान्य (गैर वेतन) | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अलीगढ-4217-जिलाधिकारी , --01-- | वर्तमान<br>प्रगामी | 93333<br>434333 | 93333<br>434333 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 93333<br>434333 | 93333<br>434333 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया तिरानवे हजार तीन सौ तैंतीस
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया चार लाख चौंतीस हजार तीन सौ तैंतीस

(अखिलेश प्रताप सिंह)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

Digitally signed by akhilesh pratap singh
Reason: Allotment Completed
Location:Uttar Pradesh
Date:2023.03.31 05:11:45 +05:30

Scanned by CamScanner